| |
|---|
| दिनांक 16.07.2025 |
| प्रेस विज्ञप्ति 25/2025 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**जनपद बागपत/थाना सिंघावली अहीर**

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **01 दो पहिया वाहन आदि बरामद**

दिनांक 16.07.2025 को थाना सिंघावली अहीर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम डौला जंगल के पास बदमाश की घेराबन्दी की गई तो बदमाश ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त सचिन घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा मय जीवित/खोखा कारतूस, 01 दो पहिया वाहन आदि बरामद हुए। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जो थाना सिंघावली अहीर पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना सिंघावली अहीर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–सचिन निवासी ग्राम डौला थाना सिंघावली अहीर जनपद बागपत।

**बरामदगी**

1–01 अवैध तमंचा मय जीवित/खोखा कारतूस।

2–01 दो पहिया वाहन आदि।

## जनपद आजमगढ़/थाना रौनापार

- **10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त सहित 03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 02 मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 16.07.2025 को थाना रौनापार पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम सहनूपुर पुलिया के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त 1—जयहिन्द सहित अभियुक्त 2—आकाश 3—अरमान अहमद को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से चोरी की 02 मोटर साइकिल बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त जयहिन्द के विरूद्ध जनपद आजमगढ़ के विभिन्न थानो में चोरी आदि के 10 अभियोग, अभियुक्त आकाश के विरूद्ध जनपद आजमगढ़ के विभिन्न थानो में चोरी, आबकारी एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 06 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्त जयहिन्द थाना कोतवाली पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना रौनापार पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—जयहिन्द निवासी नई बस्ती बालाजानी थाना रौनापार जनपद आजमगढ़।

2—आकाश निवासी ग्राम बैजाबारी थाना रौनापार जनपद आजमगढ़।

3—अरमान अहमद निवासी ग्राम बैजाबारी बघावर थाना रौनापार जनपद आजमगढ़।

**बरामदगी**

1—चोरी की 02 मोटर साइकिल।

## जनपद शाहजहाँपुर/थाना निगोही

- **10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 16.07.2025 को थाना निगोही व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम राघवपुर सिकन्दरपुर मोड़ के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त नेकपाल को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का अपराधी है, जो थाना निगोही पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना निगोही पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–नेकपाल निवासी ग्राम गुलडिया चकझाऊ थाना निगोही जनपद शाहजहाँपुर।

## जनपद सोनभद्र/थाना म्योरपुर

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 22 लाख 50 हजार रूपये कीमत के 92 किलो 460 ग्राम अवैध गांजा**
- **नगद रूपये, 03 मोबाइल फोन**
- **01 ट्रेलर आदि बरामद**

दिनांक 15.07.2025 को थाना म्योरपुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम रासपहरी, बभनी मुर्धवा रोड के पास से अभियुक्त अरूण कुमार को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लगभग 22 लाख 50 हजार रूपये कीमत के 92 किलो 460 ग्राम अवैध गांजा, नगद रूपये, 03 मोबाइल फोन, 01 ट्रेलर आदि बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना म्योरपुर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–अरूण कुमार निवासी दीघा थाना धनगाई जनपद भोजपुर बिहार, हालपता सर्वोदय नगर थाना नवादा जनपद भोजपुर आरा बिहार।

**बरामदगी**

1–लगभग 22 लाख 50 हजार रूपये कीमत के 92 किलो 460 ग्राम अवैध गांजा।

2–नगद रूपये, 03 मोबाइल फोन।

3–01 ट्रेलर आदि।

## जनपद बदायूँ/थाना दातागंज

- **01 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 30 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 115 ग्राम अवैध स्मैक**
- **22 हजार 25 रूपये नगद आदि बरामद**

दिनांक 16.07.2025 को थाना दातागंज पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर कल्यानपुर तिराहा के पास से अभियुक्त राधा कृष्ण उर्फ मटरू को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से लगभग 30 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 115 ग्राम अवैध स्मैक, 22 हजार 25 रूपये नगद आदि बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना दातागंज पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–राधा कृष्ण उर्फ मटरू निवासी ग्राम फिरोजपुर बझा थाना दातागंज जनपद बदायूँ।

**बरामदगी**

1–लगभग 30 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 115 ग्राम अवैध स्मैक।

2–22 हजार 25 रूपये नगद आदि।

## ➢ जनपद बहराइच/थाना पयागपुर (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा व 60 हजार रूपये अर्थदण्ड)

जनपद बहराइच पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद बहराइच द्वारा थाना पयागपुर पर पंजीकृत अभियोग में धारा 363 भादवि व 4(2) पॉक्सो एक्ट के अन्तर्गत अभियुक्त शंकर उर्फ विष्णु को आजीवन कारावास व 60 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

––––––